unicef for every child

new concept
Centre for Development Communication

**मॉड्यूल 7: सामाजिक व्यवहार परिवर्तन–बाल संरक्षण**

**सत्र 1: प्रभावी संचार के लिए कौशल**

अवधि: 1:22 मिनट

**समापन**

प्रभावी संचार के लिए सुनना एक बेहद महत्वपूर्ण कौशल है।

- लोग खुलकर बात करें और आपसे सही संचार करें, इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित
- करें, उनके विचार पूछें, और सही प्रश्न पूछें।
- प्रासंगिक और परिपेक्ष के अनुरूप उदाहरण देना महत्वपूर्ण है।
- संदेश को सरल और छोटा रखें।
- संचारक को प्रभावी संचार में आ रही रुकावटों के बारे में सचेत होना चाहिए और उन्हें
- कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

प्रभावी संचार के लिए ध्यान रखने योग्य बिंदु :

- सामने वाले व्यक्ति का उचित सम्मान करें।
- सही और पूरी जानकारी दें।
- लोगों की जरूरतों, समय, और सहूलियत के बारे में संवेदनशील बने रहें।
- गोपनीयता बनाए रखें।
- हमेशा सकारात्मक सोच रखें। लोग जैसे भी हैं, उनको स्वीकार करें। उनकी कमियों
- और खामियों की ओर इशारा न करें।
- किसी के बारे में जल्दी से किसी निर्णय पर न पहुंचें और न ही अत्याधिक
- आलोचनात्मक बने।
- शांत और संतुलित बने रहें।
- तालमेल बनाए रखें।
- सही समय पर सही और सम्पूर्ण जानकारी देना महत्वपूर्ण है। यदि आपको जानकारी
- नहीं है तो उसे स्वीकार करें।
- सामने वाले को प्रश्न पूछने और अपनी राय बताने का अवसर दें।